आज का पंचांग

तिथि संवत् वैशाख शुक्ल पक्ष पंचमी रात्रि में 11:05 तक उपरांत षष्टी, विक्रम सम्वत-2076, शाके-1941, हिजरी सन-1440-41

सूर्योदयकालीन ग्रह विचार

सूर्य-मेष, चन्द्रमा-मिथुन-मंगल-मिथुन, बुध-मेष, गुरु-धनु, शुक्र-मेष, शनि-धनु, राहु-मिथुन, केतु-धनु

सूर्योदयकालीन नक्षत्र

आद्रा उपरांत पुनर्वसु, धृति योग, बव करण

चौघड़िया

सुबह 06.01 से 7.30 बजे तक चर, सुबह 07.31 से 9.00 बजे तक लाभ, सुबह 09.01 से 10.30 बजे तक अमृत, सुबह 10.31 से 12.00 बजे तक काल, दोपहर 12.01 से 1.30 बजे तक शुभ, दोपहर 01.31 से 03.00 बजे तक रोग, दोपहर 03.01 से 04.30 बजे तक उद्वेग, शाम 04.31 से 06.00 बजे तक चर। उपायःगुरुवार को दही का सेवन करने से यात्रा में लाभ मिलेगा। आराधनाः ॐ जूं सः। दिशाशूल-नैऋत्य एवं पश्चिम।

खरीदारी के लिए शुभ समय :
शाम 04.31 से 06.00 बजे तक

राहुकाल • 10:30 से 12 बजे तक।

राशिफल

मेष — **शुभ अंक**-03, **रंग**-क्रीम| आज शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी।उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा।

वृषभ — **शुभ अंक**-01, **रंग**-लाल| आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। आय और व्यय में संतुलन बना कर रखें।

मिथुन — **शुभ अंक**-02, **रंग**- उजला| धन,सम्मान यश कीर्ति में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। तनाव और क्लेश से छुटकारा मिलेगा।

कर्क — **शुभ अंक**-01, **रंग**- सफेद| उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। रुका हुआ कार्य सम्पन्न होगा। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे।

सिंह — **शुभ अंक**-05, **रंग**-नीला| जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। रुका हुआ कार्य सम्पन्न होगा।

कन्या — **शुभ अंक**-07, **रंग**- पीला| आज किसी महत्वपूर्ण कार्यो को अंजाम देंगे। सम्मान्नित भी हो सकते है।संतान के दायित्व की पूर्ति होगी।

तुला — **शुभ अंक**-03, **रंग**-क्रीम| मनोकामना की पूर्ति की होने से मन प्रसन्न रहेगा। रोजी रोजगार की दिशा में सफलता मिलेगी।

वृश्चिक — **शुभ अंक**-09, **रंग**-लाल| आज व्यावसायिक योजना को बिस्तारित करेंगे।नए दोस्त को बनेंगे तथा मित्रों से । कार्यो के प्रति सचेत रहें।

धनु — **शुभ अंक**-03, **रंग**-गुलाबी| आज आपके लिए मध्यम फल देने वाला रहेगा। आपको निश्चित तौर पर सफलता प्राप्त होगी।

मकर — **शुभ अंक**-05, **रंग**-बैंगनी | कार्यक्षेत्र मेंउन्नति होगी। चल रहे विवाद का हल निकलेगा।संतान पक्ष की तरफ से शुभ समाचार प्राप्त होंगे।

कुंभ — **शुभ अंक**-09, **रंग**-हरा| आज मान-सम्मान, समृद्धि सब आपके द्वार लेकर आएगा। आपको शुभ समाचार मिलता रहेगा।

मीन — **शुभ अंक**-08, **रंग**-सफेद | आज निश्चित तौर पर सफलता प्राप्त होगी। कारोबार में आप नयी-नयी योजनाओ का क्रियान्वन करेंगे,

• श्रीपति त्रिपाठी

एनडीए की सरकार में भूमिहार समाज का राजनीतिक भविष्य खतरे में : सच्चिदानंद

मुजफ्फरपुर | एनडीए में भूमिहार समाज उपेक्षा का शिकार हो रहा है। यह बात गणेशदत्त विचार मंच के अध्यक्ष सच्चिदानंद शाही ने बुधवार को कही। उन्होंने कहा, एनडीए के द्वारा भूमिहार समाज के राजनीतिक भविष्य को मिटाने की साजिश रची जा रही है। मौके पर रानू नीलम, सुनील शाही, ठाकुर धर्मेंद्र कुमार, कृपाशंकर, सर्वेश रंजन, रितेश झा, प्रदीप सिंह व संस्था के अन्य लोग थे।

बीएमपी-6 दुर्गा मंदिर परिसर में हो रहा आयोजन, आज होगा सामूहिक उपनयन संस्कार

उपनयन संस्कार के लिए गीतों के बीच बरुओं को मटकोर में चढ़ाई गई हल्दी

नगर विकास मंत्री समेत कई लोगों ने बरुओं को हल्दी चढ़ाकर पूरी की रस्म, 501 बटुकों का होना है यज्ञोपवीत संस्कार

सिटी रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

चाणक्य विद्यापति सोसाइटी की ओर से बीएमपी छह दुर्गा मंदिर परिसर में बुधवार की शाम दो दिवसीय यज्ञोपवीत महोत्सव का शुभारंभ हुआ। महोत्सव में बच्चों का वेदमंत्रों के बीच यज्ञोपवीत संस्कार के लिए पूजा मटकोर का कार्यक्रम हुआ। मंत्री सुरेश कुमार शर्मा ने बच्चों को हल्दी चढ़ाई। सोसाइटी के संगठन मंत्री पं. अजयानंद झा मुख्य यजमान बने। अध्यक्ष पं. विनय पाठक ने पांचवें साल भी किए जा रहे इस कार्यक्रम के लिए समाज के लोगों का सहयोग आवश्यक बताया। उन्होंने मंत्री सुरेश शर्मा का मैथिली पाग माला व चादर से स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सचिव पप्पू झा ने समाज के हित में प्रतिवर्ष कार्यक्रम का आयोजन करने की घोषणा की। सोसाइटी के अध्यक्ष पं. विनय पाठक ने बताया, उपनयन संस्कार में 501 बटुकों का संस्कार करने का लक्ष्य है। कथा मटकोर में 250 लोग अपने बरुआ को लेकर आए हैं। बाकी लोग अपने घर पर ही कथा-मटकोर की। वे लोग गुरुवार को उपनयन संस्कार के लिए लेकर आएंगे। इससे पहले बीएमपी-6 दुर्गा मंदिर परिसर में उपनयन संस्कार के लिए मड़वा बनाया गया। मौके पर कार्यक्रम संयोजक शंभूनाथ चौबे, पिकू झा, मनमन त्रिवेदी, प्रवीण कुमार झा, अशोक झा, मनोज ठाकुर, सुमंत कुमार झा, पूजा व्यवस्था पं. नवीन कुमार झा, पं अरुण पाठक, पं. हरिशंकर पाठक व इंद्रकांत झा, पं. चंद्रमणि पाठक उपस्थित थे। संस्था के संरक्षक आध्यात्मिक गुरु पं. कमलापति त्रिपाठी प्रमोद ने संत नेमाई जी महाराज के इस महोत्सव में शामिल होकर बरुआ को आर्शीवाद देने की बात कही। इस मौके पर महिला समिति की अध्यक्ष वीणा मिश्रा, संयोजक भुनेश्वर झा, पप्पू झा, मनमन त्रिवेदी, अजयानंद झा, महंथ नवलकिशोर मिश्र, सुबोध कुमार झा, श्याम नारायण झा, पं. हरिशंकर पाठक, सुरेंद्र कुमार पांडे, सत्येंद्र कुमार ठाकुर, सुशील कुमार झा, मुकुंद झा आदि उपस्थित थे।

दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित यज्ञोवपीत महोत्सव में बरुओं को हल्दी चढ़ाते नगर विकास मंत्री।

लोक कलाकारों ने पेश किए कार्यक्रम | संस्कार की पूर्व संध्या पर बिहार के साथ नेपाल की लोक कलाकार सुनीता झा ने कार्यक्रम में प्रस्तुति दी। संगीत कार्यक्रम का संचालन मुन्ना रफी ने किया और मधुबनी की कलाकार जूली झा ने यज्ञोपवीत के गीतों पर लोगों को झूमने पर मजबूर किया।

आपदा पीड़ितों की सेवा को हमेशा तैयार रहती है रेडक्रॉस सोसायटी

रेडक्रॉस के स्थापना दिवस पर ध्वजा फहराते संस्था के पदाधिकारी।

सिटी रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

रेडक्रॉस सोसाइटी की ओर से बुधवार को विश्व रेडक्रॉस दिवस के मौके पर जिले में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसाइटी के उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने ध्वजारोहण कर आयोजन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस सोसाइटी का मुख्य उद्देश्य पीड़ित मानव की सेवा करना है। रेडक्रॉस सोसाइटी की स्थापना मुजफ्फरपुर में वर्ष 1975 मे हुई थी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य के अलावा भूकंप, आगजनी, बाढ़, जैसी आपदाओं से पीड़ित लोगों को सेवा एवं सहायता के लिए भी रेडक्रॉस सोसाइटी हमेशा तैयार रहती है।

रेडक्रॉस के प्रशासक सह सीएमओ डॉ. राधेश्याम पांडे ने कहा कि रेडक्रॉस की सहायता से जिले में समय-समय पर निः शुल्क जांच शिविर का आयोजन कर जरूरतमंद लोगों को निः शुल्क जांच कर दवा का वितरण भी किया जाता है। इस अवसर पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विनय शंकर, डॉ. केसी सिंह, वरीय नागरिक विनय किशोर, अखिलेश्वर शुक्ल, शिक्षाविद डॉ. हरिशंकर प्रसाद सिंह के अलावा रेडक्रॉस के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई

मुजफ्फरपुर | सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में महमदपुर कोठी स्थित ब्लू स्काई पब्लिक स्कूल के शत-प्रतिशत छात्रों का रिजल्ट होने पर बुधवार को स्कूल परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कलश स्थापना के साथ ही 10 दिवसीय श्रीश्री 108 विष्णु पंचकुंडी महायज्ञ शुरू

औराई | रतवारा बिंदवारा पंचायत के रामनगर चौक के समीप 10 दिवसीय श्रीश्री 108 श्री विष्णु पंचकुंडी महायज्ञ शुरू हो गया। 1151 कन्याओं ने कलश लेकर दुल्हन पोखर रतवारा से जलबोझी की। यज्ञ स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश की स्थापना की गई। यज्ञ के मुख्य अतिथि बेल पत्री बाबा ने बताया कि इस दौरान नगर परिक्रमा, वैदिक मंत्र जाप द्वारा पंचकुंडी हवन, सीताराम नाम जप संकीर्तन, रामायण नवाह पाठ, माला जप, कथा मानस प्रवचन, 56 देवी-देवताओं की प्रतिमा का दर्शन व रासलीला का आयोजन किया जाएगा।

पाकिस्तान में बम धमाके में मृत लोगों के लिए नागरिक मोर्चा ने की प्रार्थना

मुजफ्फरपुर | नागरिक मोर्चा की ओर से बुधवार को पाकिस्तान के दरगाह शरीफ में आतंकियों द्वारा किए बम धमाके में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए शहीद खुदीराम बोस स्मारक स्थल पर प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। संस्थापक महासचिव मोहन प्रसाद सिन्हा ने कहा कि अब भी समय है पाकिस्तान आतंकियों को पनाह देना बंद करे। मौके पर परमेश्वरी देवी, अमरजीत कुमार, आलोक अभिषेक, आशा सिन्हा, आरएन झा, महेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव, अंजनी कुमार पाठक, यशपाल , सोहन लाल अजाद, सरदार हरि सिंह, एसए आजाद उपस्थित थे।

श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर 501 कन्याओं ने निकाली कलश यात्रा

पहले दिन अनिरुद्ध आचार्य जी महाराज ने भागवत कथा की महिमा बताई

भास्कर न्यूज़ | बोचहां

मैदापुर पंचायत के काशीरामपुर गांव में बुधवार को श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर 501 कन्याओं व महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा सर्फुद्दीनपुर राधा कृष्ण ठाकुरबाड़ी, मैदापुर, शुक्रहाट, हुसैनपुर होते हुए बूढ़ी गंडक नदी घाट पर पहुंची। मुख्य यजमान पंचायत के मुखिया राजन कुमार सिंह व उनकी धर्म पत्नी अर्चना देवी ने पूरी निष्ठा के साथ पूजा-अर्चना की। समिति के सुधीर सिंह, अरविंद श्रीवास्तव व अन्य सदस्यों ने बताया कि कथा के पहले दिन श्री अनिरुद्ध आचार्य जी महाराज ने अपने प्रवचन में भागवत की महानता के बारे में बताया। प्रवचन के दौरान भजन-कीर्तन एवं दिव्य झांकियां प्रस्तुत की गई।

सीबीएसई 12वीं के रिजल्ट में फ्यूसिस फिजिक्स क्लास के अधिकतर स्टूडेंट्स ने बाजी मारी

सिटी रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

सीबीएसई 12वीं के रिजल्ट में लेनिन चौक और गोबरसही चौक स्थित फ्यूसिस फिजिक्स क्लास के अधिकतर बच्चों ने सफलता हासिल की। मुजफ्फरपुर में सबसे ज्यादा फिजिक्स में 90% मार्क लाने वाले छात्र-छात्राएं फ्यूसिस फिजिक्स क्लास के हैं। संस्थान के निदेशक मनु सिंह ने बताया कि यह बच्चों के लगन और परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने यह भी बताया कि इस संस्थान से पढ़कर दस बच्चों का जेईई मेंस में चयन हुआ है। जेईई मेन एडवांस और नीट के लिए अलग से तैयारी कराई जाती है। वहीं 11वीं के लिए नए बैच की शुरुआत की जाएगी। सफल छात्रों में मनोहर सिंह, फिजिक्स में 95%, सुप्रिया फिजिक्स में 95%, उर्वशी, फिजिक्स में 85%, नितेश सिंह फिजिक्स में 95%, निशु फिजिक्स में 95% व शिवानी सिंह 90% शामिल हैं।

विश्व कप टूर्नामेंट-2019 में अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम को प्रायोजित करेगा अमूल

पटना | विश्वकप क्रिकेट 2019 के लिए अमूल अफगानिस्तान क्रिकेट टीम का प्रमुख प्रायोजक बना है। अमूल 45,000 करोड़ का वार्षिक बिक्री कारोबार करता है। अमूल एशिया का सबसे बड़ा दूध ब्रांड है। अमूल का लोगो 30 मई से 14 जुलाई तक विश्वकप में अफगानिस्तान की टीम की जर्सी के साथ-साथ सभी ट्रेनिंग किट्स पर भी दिखाई देगा। सीजीएमएमएफ के प्रबंध निदेशक डॉ. आरएस सोढ़ी ने कहा कि हम अफगानिस्तान क्रिकेट से जुड़ कर उत्साहित हैं और अमूल को उम्मीद है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेजी से बढ़ती टीम के रूप में दर्जा प्राप्त यह टीम विश्वकप में शानदार प्रदर्शन करेगी। उन्होंने बताया कि अमूल और अफगानिस्तान का संबंध काफी पुराना है। अमूल ग्रामीण उत्थान और महिला सशक्तीकरण का एक मजबूत मॉडल है जिसे अफगानिस्तान के लोगों द्वारा मान्यता दी गई है। पिछले 2 दशकों से अमूल अफगानिस्तान को अपने दूध पाउडर और बेबी फूड भी निर्यात कर रहा है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सीईओ असदुल्लाह खान ने कहा कि अमूल हमें प्रायोजित कर रहा है यह बेहद खुशी का मौका है।

श्री धूतपापेश्वर लिमिटेड ने 'महास्वर्ण योग' कल्प का किया अनावरण

पटना | अक्षय तृतीया पर श्री धूतपापेश्वर लिमिटेड ने 'महास्वर्ण योग' कल्प का अनावरण किया। यह विशिष्ट कल्प खासकर नवजात शिशुओं से लेकर 16 साल के बच्चों के लिए बनाया गया है। इसमें प्रचुर मात्रा में सुवर्ण भस्म का इस्तेमाल किया गया है। आयुर्वेद के प्राचीन ग्रंथों में वर्णित व प्रमाणित प्रक्रियाओं को अपना कर इसे तैयार किया गया है। मंगलवार को लखनऊ के किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के उपकुलपति डॉ. एमएलबी भट्ट ने अनावरण किया। मौके पर यूपी डायरेक्टर ऑफ आयुर्वेद प्रो. एसएन सिंह व आयुर्वेदाचार्य एडी शर्मा भी उपस्थित रहे। संजय गांधी पीजी इंस्टीट्यूट के डॉ. गौरव पांडे भी मौके पर उपस्थित रहे। श्री धूतपापेश्वर लिमिटेड के सीनियर प्रॉडक्ट मैनेजर डॉ. सुशांत पाटिल ने दावा किया कि महास्वर्ण योग टेबलेट्स को कई शोध के बाद तैयार किया गया है और इसका सेवन लंबे वक्त तक किया जा सकता है।

रमजान को लेकर बाजारों में चहल-पहल बढ़ी

रमजान को लेकर बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है। फोटो माड़ीपुर मस्जिद के पास का है, जहां सस्ते दाम पर रोजेदारों को शर्बत दिया जा रहा है।

माड़ीपुर हम्जा कॉलोनी मस्जिद के इमाम मौलाना शम्शुद्दीन मजहरी ने रोजा की फजीलत बयान की, कहा-

रमजान में इफ्तार के दस्तरखान पर रोजेदार की दुआ होती है कबूल

सिटी रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

इफ्तार के लिए दस्तरखान पर लजीज खाना सजा हो और उस समय इफ्तार के वक्त का इंतजार कर रहे रोजेदार जब अल्लाह की बारगाह में हाथ उठाकर दुआ मांगता है तो उस दुआ को कबूल कर लिया जाता है। ये बातें माड़ीपुर हम्जा कॉलोनी मस्जिद के इमाम मौलाना शम्शुद्दीन मजहरी ने रोजा की फजीलत बयान करते हुए कही। उन्होंने बताया कि दिन भर भूखे-प्यासे रहने के बाद जब इंसान के सामने लजीज व्यंजन आता है तो इस समय की कैफियत कुछ और ही होती है। लेकिन लजीज व्यंजन को छोड़कर इंसान अल्लाह के हुक्म का इंतजार करता है। जब तक वक्त पर मस्जिद से मुअज्जिन की आवाज नहीं आती है, तब तक इंसान खाने को हाथ नहीं लगाता है। बंदे की यह अदा अल्लाह को काफी पसंद है और ऐसी स्थिति में मांगी गई दुआ मकबूल हो जाती है। मौलाना ने बताया कि रोजा बंदे को अल्लाह से करीब करता है। रमजान का एक महीना इंसान को सब्र का अभ्यास कराता है। हुक्मे खुदा वंदी से बंदा दिन भर खाना पीना से लेकर अन्य कई कामों से रुक जाता है। भूखा-प्यास रहना गरीब बंदे की याद दिलाता है।

मौलाना शमशुद्दीन मजहरी

नन्हे रोजेदार

नुरैन खान
9 वर्ष

सीफा फातमा खान
9 वर्ष

मो. अशरफ
7 वर्ष

दावत-ए-इफ्तार से छाया अकीदत का माहौल, जुटे शहर के गणमान्य लोग

राजद नेता छोटी सरैयागंज निवासी इकबाल मोहम्मद समी के घर पर बुधवार को दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। इससे माहौल पर रमजान का अकीदत छाया रहा। इफ्तार में पूर्व सांसद अनिल सहनी, पूर्व विधायक विजेंद्र चौधरी, पूर्व डिप्टी मेयर विवेक कुमार, सैयद माजिद हुसैन, प्रो. कुमार गणेश, जयशंकर यादव, डॉ. प्रो. आले मुस्तफा, लोहिया कॉलेज के प्राचार्य, प्रो. नसीम अहमद, डिप्टी रजिस्ट्रार आसिफ रब्बानी, सुबोध कुमार, वार्ड पार्षद संजय केजरीवाल, केपी पप्पू समेत कई सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।